तापमान

अधिकतम 29.2 डिग्री

न्यूनतम 14.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, बुधवार 21 जनवरी 2026

14 अवैध धान खरीदी में संलिप्त कोचियों ...





14 नबीन के भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से ...





सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड


## खबर संक्षेप

### देशी प्लेन व अंग्रेजी अवैध शराब जब्त

**महासमुंद।** ग्राम मुढ़ीपार के पास पिथौरा पुलिस ने एक आरोपी के कब्जे से देशी प्लेन व अंग्रेजी शराब बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी अरूण घरडे पिता बालकिशन घरडे (42 वर्ष) निवासी वार्ड क्र 13 पिथौरा थाना पिथौरा के कब्जे से 30 नग गोवा अंग्रेजी शराब, 12 नग देशी प्लेन शराब कीमती 4560 रुपए को बरामद किया है। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### हादसे में युवक की मौत

**महासमुंद।** अज्ञात वाहन की ठोकर से एक युवक की मौत हो गई। मामले की रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली में अज्ञात वाहन के चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को खैरा के मोहित यादव ने बताया कि 18 जनवरी की शाम 7 बजे उसका बडा भाई गोविंदा यादव पिता रामसाय यादव (37 साल) घर से निकला था, किंतु रात में वापस नहीं आया था। 19 जनवरी की सुबह उसे पता चला कि उसके बड़े भाई की रोड एक्सीडेंट में गंभीर चोट लगने से मृत्यु हो गयी है एवं जिला अस्पताल महासमुंद में उसके शव को रखा गया है। सूचना मिलते के बाद वह जिला अस्पताल महासमुंद गया, जहां पहंचकर देखा तो चीर घर में बडे भाई गोविंदा के शव को रखा गया था। बाद में पता चला कि गोविंदा का भार्गव पेट्रोल पंप के पास एनएच 353 रोड महासमुंद में एक्सीडेंट हुआ था। अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध धारा 184 मोटर व्हीकल एक्ट, 106(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।

## न्याय की गुहार : गांव नाला में पुलिया बनाने लगाई फरियाद

# आजादी के 7 दशकों बाद भी कैदी सा जीवन जीने को मजबूर कोकड़ीवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



पुलिया बनाने की मांग पर अमल नही हुआ बल्कि, नाले में बारिश के दिनों में पानी होने की जानकारी होने के बाद भी इस पर पक्की सड़क बना दी गई। जबकि यहां पर पुलिया नहीं होने के कारण बारिश के दिनों में यह रास्ता ग्रामीणों के लिए बाधित हो जाता है। यह मामले है जिले के सरायपाली ब्लॉक मुख्यालय से महज 5 किमी की दूरी पर स्थित गांव कोकड़ी का जहां के ग्रामीणों को 20 साल में एक पुलिया नहीं मिल पाई। बता दें कि यह गांव भीखापाली पंचायत का आश्रित ग्राम है लेकिन, केवल जनप्रतिनिधियों के कदम यहां वोट मांगने के दौरान पड़ते हैं। ग्रामीणों की मानें तो आश्वासन के बाद भी सालों से इस गांव में लोग आवाजाही के लिए एक पुलिया के लिए तरस रहे हैं। सरपंच यमुना पटेल, उपसरपंच रंजन जांगड़े, राजाराम पटेल, सरोज, शांतनू पटेल एवं ग्रामीणों ने जनदर्शन में कलेक्टर के सामने अपनी बात रखते हुए चेताया है कि 26 जनवरी तक उनकी मांगों पर लिखित आश्वासन नहीं मिला, तो वे 27 जनवरी से शांतिपूर्ण आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में बताया कि गांव के पहुंच मार्ग पर स्थित कोकड़ी नाला उनके लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। आजादी के 70 साल से अधिक समय बीत जाने के बाद भी यहां पुलिया नही बनी। आश्चर्य की बात यह है कि प्रशासन ने नाले पर बिना पुलिया बनाए ही डामर रोड का निर्माण कर दिया। इसका खामियाजा ग्रामीणों को हर साल बरसात में भुगतना पड़ता है। बारिश के दिनों में नाले का जलस्तर 10 फीट तक पहुंच जाता है, जिससे गांव का संपर्क बाहरी क्षेत्रों से पूरी तरह कट जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि उस वक्त वे अपने ही गांव में किसी कैदी की तरह रहने को मजबूर होते हैं और अगर कोई बीमार अस्पताल नही जा पाता है, न बच्चे स्कूल।

### अब और नहीं मांगेंगे भीख

ग्रामीणों ने आवेदन में स्पष्ट कहा है कि यह उनकी मांगों को लेकर अंतिम आवेदन है। ग्रामीणों ने एक व्यावहारिक सुझाव भी दिया है कि यदि भीखापाली के किसानों की ओर से पुल निर्माण में कोई तकनीकी या भूमि संबंधी बाधा आ रही है, तो प्रशासन कोकड़ी से बानीगिरोला मार्ग पर पुलिया निर्माण कर वैकल्पिक रास्ता प्रदान करें। ग्रामीणों का कहना हैकि इसके बाद हम शासन-प्रशासन को कभी आवेदन नहीं देंगे। साथ ही, किसी भी शासकीय कर्मचारी या जनप्रतिनिधि को गांव में किसी सरकारी योजना का झूठा प्रचार-प्रसार करने के लिए घुसने नहीं दिया जाएगा।

### 27 जनवरी से आंदोलन का शंखनाद

कोकड़ी के कृषकों और मजदूरों ने प्रशासन को अल्टीमेटम दिया है कि आगामी 26 जनवरी तक सक्षम अधिकारी गांव आकर पुल निर्माण के संबंध में लिखित आश्वासन दें। यदि प्रशासन की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की गई, तो 27 जनवरी से समस्त ग्रामीण शांतिपूर्ण ढंग से आंदोलन शुरू करेंगे। एक तरफ सरकार प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत गांवों के सर्वांगीण विकास का दावा करती है, वहीं दूसरी ओर एक आदर्श ग्राम पंचायत का ही आश्रित गांव मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहा है।

## बिजली बिल बकायेदारों के काटे गए कनेक्शन, उपभोक्ताओं से वसूले गए 77.33 लाख

**सरायपाली।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड सरायपाली संभाग द्वारा बकाया विद्युत बिलों की वसूली के लिए सघन अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत अधीक्षण अभियंता (वृत्त) महासमुंद वायके मनहर के मार्गदर्शन में तथा कार्यपालन अभियंता सरायपाली टीके पटेल के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन कर राजस्व वसूली की कार्रवाई की जा रही है। अभियान के दौरान सरायपाली विद्युत संभाग के अंतर्गत सरायपाली (शहर), सरायपाली (ग्रामीण). बलौदा, छुईपाली, पाटसेंद्र, भंवरपुर, सागरपाली, पिरदा, पथरला, बसना (शहर), बसना (ग्रामीण) एवं गढ़फुलझर वितरण केंद्रों में 01 जनवरी 2026 से 19 जनवरी 2026 तक बकाया विद्युत बिलों के कारण कुल 6 करोड़ 71 लाख 49 हजार रुपए की राशि वाले 2506 उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन विच्छेदित किए गए। विद्युत कनेक्शन विच्छेदन के पश्चात 949 उपभोक्ताओं द्वारा 77.33 लाख रुपए की बकाया राशि का पूर्ण अथवा आंशिक भुगतान किया गया। राजस्व वसूली अभियान के दौरान आधुनिक तकनीक का व्यापक उपयोग करते हुए स्मार्ट मीटर एवं ऑनलाइन सिस्टम के माध्यम से विद्युत कनेक्शन विच्छेदन की कार्रवाई की गई, जिससे बिना स्थल भ्रमण के त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई संभव हो सकी। सरायपाली संभाग में 211 उपभोक्ताओं की कुल 82.00 लाख रुपए की बकाया राशि होने के कारण उनके विद्युत कनेक्शन ऑनलाइन माध्यम से तत्काल प्रभाव से बंद किए गए। इसके उपरांत 55 उपभोक्ताओं द्वारा 11.87 लाख रुपए की राशि का भुगतान किया गया, जिनकी विद्युत आपूर्ति नियमानुसार पुनः बहाल की गई। कार्यपालन अभियंता टीके पटेल ने बताया कि विच्छेदित विद्युत कनेक्शन को यदि किसी भी उपभोक्ता द्वारा अनाधिकृत रूप से पुनः जोड़ा जाता है, तो संबंधित उपभोक्ता के विरुद्ध विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 138 के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी उपभोक्ता की स्वयं की होगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बकाया विद्युत बिलों की वसूली के लिए विभाग द्वारा आगे भी विद्युत कनेक्शन विच्छेदन की कार्रवाई निरंतर जारी रखी जाएगी।

# युवक की चाकू मारकर हत्या 3 आरोपियों पर मामला दर्ज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के सितली नाला स्थित देशी शराब दुकान के सामने मामूली विवाद में हुई युवक की चाकू मारकर हत्या के मामले में पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम शेर निवासी रोहित साहू 19 जनवरी को अपने भाई जितेंद्र साहू के साथ किसी काम से महासमुंद शहर आया था। शाम करीब 5:30 बजे जब दोनों भाई वापस अपने गांव लौट रहे थे, तभी वे सितली नाला के पास स्थित देशी शराब दुकान के सामने सड़क पर कुछ देर के लिए रुके। इसी दौरान जितेंद्र साहू शराब भट्टी की ओर गया। वहां मौजूद तीन युवकों ने अचानक जितेंद्र के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। जब रोहित ने अपने भाई को पीटते देखा और उसे बचाने के लिए दौड़कर पास पहुंचा। आरोपियों ने अपने पास रखे धारदार चाकू से जितेंद्र पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में जितेंद्र की बाईं जांघ, चेहरे और शरीर के अन्य हिस्सों पर गंभीर चोटें आईं। अत्यधिक खून बहने के कारण जितेंद्र वहीं जमीन पर गिर पड़ा। वारदात को अंजाम देने के बाद तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए। रोहित ने तुरंत 108 एंबुलेंस की मदद से अपने भाई को जिला अस्पताल महासमुंद पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद जितेंद्र को मृत घोषित कर दिया। इस घटना के चश्मदीद चंद्रहास साहू और गांव के अन्य लोगों ने भी हमले की पुष्टि की है।

### पुलिस की कार्रवाई

मृतक के भाई रोहित की शिकायत पर पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है जिसमें विधि से संघर्षरत एक बालक एवं दिलीप बघेल उर्फ भैरा व अरूण उर्फ छोटू कुम्हार पर पुलिस ने इन तीनों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 103(1) (हत्या) और 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### शहर में बढ़ते अपराध, नशे और चाकूबाजी ने बढ़ाई दहशत

शहर में नशे की गिरफ्त में युवा और बढ़ती चाकूबाजी की घटनाओं ने आम जनता की चिंता बढ़ा दी है। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू की मानें तो वारदात में और भी लोग शामिल हो सकते हैं। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होनें कहा कि शहर में यह कोई पहली घटना नहीं है। करीब 6 महीने पहले एक कांग्रेसी पार्षद पर भी जानलेवा हमला हुआ था। वहीं, पिछले साल रामनवमी के दौरान एक छात्र की सरेआम हत्या कर दी गई थी। अध्यक्ष ने घोषणा की है कि शहर में नशे को बढ़ावा देने वाली अवैध चखना दुकानों को जल्द ही ध्वस्त किया जाएगा। ताकि, ऐसे अपराधों को पनपने से रोका जा सके।




## खबर संक्षेप



### कोमा में मनाई गई गुहा निषादराज की जयंती

**खल्लारी।** समीपस्थ ग्राम कोमा में श्रीराम भक्त एवं बाल सखा गुहा निषादराज जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री नेहरू राम निषाद बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान समाज के खल्लारी परिक्षेत्र अध्यक्ष भगतराम निषाद, ग्रामीण सेवा सहकारी समिति खल्लारी के अध्यक्ष नंदकुमार निषाद, निषाद समाज के जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश निषाद, सहकारी समिति मामाभांचा के अध्यक्ष संजय साहू, सचिव गीतकुमार निषाद व सामाजिकजनों में से नारायण निषाद, हुकूम निषाद, जतीराम निषाद, नरोत्तम निषाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन व क्षेत्रवासियों की उपस्थित रहे।

### दो माह से मानदेय के इंतजार में शिक्षा सेवा प्रदाता

**धमतरी।** प्राथमिक विद्यालय नगरी के शिक्षा सेवा प्रदाताओं ने कलेक्टर से मानदेय की राशि दिलाने की मांग की है। सोमवार को कलेक्टर को सौंपे आवेदन में शिक्षा सेवा प्रदाताओं ने कहा है कि जिला शिक्षा कार्यालय ने शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए नगरी विकासखंड के 41 प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षा सेवा प्रदाताओं की भर्ती की है। सभी शिक्षा सेवा प्रदाता पूर्ण समर्पण के साथ विद्यालयों में अध्यापन कार्य करा रहे हैं। सभी सेवा प्रदाताओं को माह नवम्बर एवं दिसंबर की मानदेय राशि नहीं मिली है जिससे उन्हें आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टर से दो माह की मानदेय राशि शीघ्र दिलाने की मांग की गई है।

## अव्यवस्था : शिक्षकों की लेटलतीफी से पढ़ाई प्रभावित

# बरेकेल स्कूल में शिक्षा व्यवस्था बेहाल




हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

- शाला विकास समिति की राशि व कुर्सी विवाद पर उठे गंभीर सवाल

ग्राम बरेकेल स्थित शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला में शिक्षा व्यवस्था की वास्तविक स्थिति सामने आने के बाद ग्रामीणों की चिंता सही साबित होती नजर आ रही हैं। शिक्षकों के समय पर विद्यालय नहीं पहुंचने की लगातार शिकायतों के बीच जब संवाददाता 20 जनवरी 2026 को सुबह जब विद्यालय पहुंचे तो कई चौंकाने वाली बातें सामने आईं। विद्यालय में कुल 7 शिक्षक पदस्थ हैं, लेकिन उस समय केवल 2 शिक्षक उपस्थित पाए गए। दोनों ही प्रधान पाठक तय समय पर विद्यालय नहीं पहुँचे थे।

माध्यमिक शाला के प्रभारी मेघराज महोबिया 10:30 बजे विद्यालय पहुंचे। जबकि प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक केशव पटेल 10:35 बजे पहुंचे। एक महिला शिक्षिका सुबह 11 बजे विद्यालय पहुंचीं। देर से आने का कारण पूछे जाने पर उनका कहना था कि "ठंड के कारण स्कूटी स्टार्ट नहीं होती, उसे गर्म करना पड़ता है।





### बीईओ ने दिए कार्रवाई के संकेत

इस पूरे मामले पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा ने कहा कि जो शिक्षक समय पर विद्यालय नहीं पहुंच रहे हैं, उन्हें शो-काज नोटिस जारी किया जाएगा।

### कार्रवाई की प्रतीक्षा

बरेकेल शाला की स्थिति ने सरकारी स्कूलों में अनुशासन, संसाधनों के उपयोग और जवाबदेही पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। अब देखना यह है कि संबंधित विभाग इस पर कब और क्या ठोस कदम उठाता है।

### मर्जर के बाद भी जिम्मेदारी का अभाव

शासन द्वारा युक्तियुक्तकरण के तहत प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं को एक ही परिसर में मर्ज किया गया है, जिससे यह अब एकीकृत शाला है। इसके बावजूद अनुशासन, समयबद्धता और जवाबदेही का अभाव स्पष्ट दिखाई दिया।

### शाला विकास समिति की राशि पर सवाल

विद्यालय में आवश्यक कार्यों के लिए मिलने वाली राशि के उपयोग में भी लापरवाही सामने आई है। नियमानुसार शाला विकास समिति की बैठक में प्रस्ताव पारित होने के बाद ही राशि आहरित की जाती है। जानकारी के अनुसार जून माह में सीसीटीवी कैमरा लगाने का प्रस्ताव हुआ, लेकिन सत्र समाप्ति की ओर है और आज तक सीसीटीवी नहीं लगे। गंभीर बात यह है कि प्रस्ताव पंजी खाली पड़ी है, जबकि उसमें समिति सदस्यों के हस्ताक्षर मौजूद हैं। यह स्थिति वित्तीय प्रक्रिया पर सवाल खड़े करती है।

### पढ़ाई से ज्यादा परिसर में भ्रमण

विद्यालय में मौजूद रहने की पूरी अवधि के दौरान यह देखने में आया कि कोई भी शिक्षक कक्षा में पढ़ाते नहीं दिखा। अधिकांश शिक्षक कक्षा संचालन के बजाय विद्यालय परिसर में ही इधर-उधर घूमते रहे, जिससे बच्चों की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित होती रही।

### कुर्सी विवाद में 12 हजार खर्च

मर्जर के बाद माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक को प्रधान पद की जिम्मेदारी दी गई है, लेकिन प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक केशव पटेल द्वारा अलग कुर्सी की मांग सामने आई। उनका कहना है कि उनकी कुर्सी अलग रहेगी और उस पर कोई अन्य नहीं बैठेगा। इस आपसी खींचतान के चलते लगभग 12,000 केवल कुर्सियों पर खर्च कर दिए गए।

## गणेशपुर में कल भक्त गुहा निषाद जयंती

**जीजामगांव।** सिलतरा 20 पाली गणेशपुर परिक्षेत्र के तत्वावधान में ग्राम गणेशपुर में 22 जनवरी को भक्त गुहा निषाद जयंती का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेहरूराम निषाद अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग कैबिनेट मंत्री दर्जा छग शासन होंगे। अध्यक्षता डॉ ललित निषाद अध्यक्ष 20 पाली सिलतरा गणेशपुर परिक्षेत्र करेंगे। विशेष अतिथि गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत, चंदूलाल निषाद अध्यक्ष जिला धमतरी



निषाद समाज, चंदूलाल निषाद अध्यक्ष गणेशपुर परिक्षेत्र, रेखा निषाद मनोनीत जिला अध्यक्ष उपसरपंच गणेशपुर, गुंजा देवी निषाद जिला सचिव धमतरी, ठाकुरराम साहू जनपद सदस्य कुरूद, गंगाप्रसाद मिश्रा सरपंच गणेशपुर, चंचल साहू जनपद सदस्य कुरूद, जानकी साहू जनपद सदस्य कुरूद, कृष्णकुमार सांखरे अध्यक्ष सोसाइटी जीजामगांव, देवचरण चंद्राकर सरपंच जीजामगांव, मीना साहू सरपंच सरबदा, आनंद निषाद पूर्व सरपंच संरक्षक गणेशपुर, पूजा साहू सरपंच दरबा, राकेश साहू सरपंच मुरा होंगे। आयोजक समिति ने बताया कि सुबह 8 बजे से गली भ्रमण एवं कलश यात्रा, सुबह 9 बजे दीप प्रज्ज्न एवं पूजा अर्चना, दोपहर 11 अतिथि स्वागत, दोपहर 3 बजे से श्री शिव शक्ति मानस मंडली कानामुका एवं 5 बजे से सोन चिरईया सुआ नृत्य गणेशपुर तथा संध्या में श्री जय अंबे रामधुनी झांकी मंडली कचना की मनमोहक प्रस्तुति होगी।

## कुश्ती खिलाड़ियों ने रायपुर में लहराया जीत का परचम



हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

इंडियन क्लब रामकुंड रायपुर द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य कुश्ती प्रतियोगिता में आजाद चौक अखाड़ा के यश वाल्मीकि एवं गोकुलपुर अखाड़ा के कुणाल यादव ने अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया । 27-32 वजन वर्ग मे योगेश कुम्भकार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ कुश्ती संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मण पहलवान ने प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार प्रदान किया।

प्रभारी जिला खेल अधिकारी पीयूष तिवारी व सहायक जिला खेल अधिकारी जेपी देव, राजेश धीवर, विजय यादव, सूरज पहलवान, नुमेश यादव, गगन कुंभकार, विकास सिंह ठाकुर, रामकुमार साहू, कैलाश बाबा समेत सभी अखाड़ा के उस्तादों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## मुख्यमंत्री से अंतरराष्ट्रीय बॉडी बिल्डर ने की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी



विगत दिनों आरंग में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से अंतरराष्ट्रीय बॉडी बिल्डर रमेश हिरवानी ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री को अपनी खेल गतिविधियों के संबंध में अवगत कराते हुए गोल्डन बुक आफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराने के लिये भी चर्चा की। मुख्यमंत्री ने उनके द्वारा किये गए प्रयासों की प्रशंसा की और आगे भी प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने बागेश्वरनाथ महादेव के दर्शन के पश्चात जलक्षत्री परिवार से मुलाकात की। इसी दौरान बॉडी बिल्डर रमेश हिरवानी एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश के मठपराई चित्रकला के एक मात्र कलाकार अभिशेक सपन से मुलाक़ात की। मौके पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव, कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत, सांसद विजय बघेल, विधायक मोतीलाल साहू रायपुर ग्रामीण, ध्रुव कुमार अध्यक्ष चर्म शिल्पकार बोर्ड, दिलीप जलक्षत्री उपसंयोजक मत्स्य प्रकल्प प्रकोष्ठ भाजपा समेत अन्य मौजूद थे।

## श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन





**महासमुंद।** नौ दिवसीय श्रीमद देवी भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन 18 जनवरी से 26 जनवरी 2026 तक कबीर बाड़ा शंकर नगर में किया जा रहा है। उक्त महापुराण ज्ञान यज्ञ में प्रवचनकर्ता पं. त्रिभुवन मिश्रा बारूला (सिद्धि विनायक मंदिर फिंगेश्वर वाले) द्वारा भक्तिमय प्रवचन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में 20 जनवरी 2026 को चंद्रघंटा पूजा और करूवंश पांडव जन्म कथा का प्रवचन किया गया। इसी प्रकार 21 जनवरी को कुष्मांडा देवी पूजा, महिषासुर चरित्र, देवी प्राकट्य, 22 जनवरी को स्कंद माता पूजा, देवी श्रृंगार, महिषासुर वध, 23 जनवरी को कात्यायनी पूजन, रक्तबीज, शुंभ-निशुंभ कथा, 24 जनवरी को कालरात्रि पूजा, देवी शक्ति, तुलसी विवाह, 25 जनवरी 2026 को महागौरी पूजा, हवन, नवकन्या पूजा एवं 26 जनवरी के दिन सिद्धिदात्री पूजा, ज्योति जंवारा देवी विसर्जन कथा पाठ का भक्तिमय प्रवचन आयोजित होगा। यह आयोजन तिलक राम साहू, ओमप्रकाश साहू द्वारा आयोजित किया जा रहा है। कथा श्रवण करने श्रद्धालुजन पहुंच रहे हैं।

## कोमाखान कॉलेज के विद्यार्थियों ने बनाई मानव श्रृंखला

**बोइरगांव (कोमाखान)।** नवीन शासकीय महाविद्यालय कोमाखान में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अंतर्गत स्वीप कार्यक्रम के तहत नए मतदाताओं को जागरूक करने एवं उन्हें मतदान के अधिकार का महत्व समझाने के लिए मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर विद्यार्थियों ने मेरा वोट-मेरी पहचान और पहले मतदान, फिर जलपान जैसे नारों के माध्यम से लोकतंत्र में मतदान के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया। प्राचार्य डॉ. पुरुषोत्तम झा ने अपने उद्बोधन में कहा कि मतदान लोकतंत्र की आत्मा है और प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। उन्होंने विशेष रूप से नए मतदाताओं से अपील की कि वे राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करना तथा अधिक से



अधिक नागरिकों को मतदान के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम को नोडल ऑफिसर पीयूष कुमार (सहायक प्राध्यापक हिंदी) और स्वीप समिति के सदस्यों मन्नूलाल कुर्रे, आदिल अहमद, रंजना दुबे, भारती साहू और हेतराम भोई ने संचालित किया। इस कार्यक्रम में डॉ भूमिका शर्मा (सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र), अतिथि व्याख्याता हरीश चौहान, मोनिका वर्मा, हेमा वर्मा, लता पटेल, नीलम जांगड़े, धात्री चक्रधारी उपस्थित रहे।




## छात्रों को यातायात नियम एवं संकेत की दी गई जानकारी

**महासमुंद।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत 01 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक पुलिस विभाग द्वारा जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में यातायात पुलिस द्वारा स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में अध्यनरत 298 छात्र-छात्राओं को यातायात में नियम एवं संकेत के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया। साथ ही यातायात जागरुकता संबंधित पंपलेट वितरण कर पालन करने समझाइश दी गई।

## सड़क से सदन तक मजदूरों के हक की लड़ाई लड़ेगी कांग्रेस : दीपक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज सोमवार को जिले के ऐतिहासिक स्थल सिरपुर पहुंचे। यहां उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ मनरेगा बचाओ अभियान के तहत पैदल पदयात्रा की। सिरपुर के बंदोरा से शुरू हुई यह यात्रा रायमुड़ा, खीरसाली और रुमेकेल होते हुए करीब 6 किलोमीटर तक चली, जिसमें सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और ग्रामीण शामिल हुए। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने चिलचिलाती धूप की परवाह किए बिना कार्यकर्ताओं के साथ लंबी दूरी तय की। पदयात्रा के दौरान बैज ने



जगह-जगह रुककर मनरेगा मजदूरों से बातचीत की। ग्रामीणों ने उन्हें बताया कि किस तरह काम मिलने में देरी और भुगतान में कटौती से उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। बैज ने आश्वासन दिया कि कांग्रेस सड़क से सदन तक मजदूरों के हक की लड़ाई लड़ेगी। पदयात्रा के समापन पर रुमेकेल में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए दीपक बैज ने भाजपा सरकार पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि मनरेगा ग्रामीणों की लाइफलाइन है, जिसे कांग्रेस ने शुरू किया था ताकि कोई गरीब भूखा न सोए। लेकिन आज की सरकार बजट में कटौती कर और तकनीकी अड़चनें पैदा कर इस योजना को धीरे-धीरे खत्म करना चाहती है। छत्तीसगढ़ का मजदूर आज अपने ही हक के पैसे के लिए भटक रहा है। इस मौके पर जिला किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मानिक साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता शामिल रहे।

## नबीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह



**महासमुंद।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नितिन नबीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित होने पर भाजपा जिला कार्यालय सहित पूरे जिले में भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। घोषणा होते ही जिला कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी एवं एक-दूसरे को मिठाइयां खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने हर्ष जताते हुए नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के नेतृत्व में संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का विश्वास व्यक्त किया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, राहुल चंद्राकर, देवीचंद राठी, महेंद्र सिका, दिग्विजय साहू, आनंद साहू, प्रेम चंद्राकर, गोविंद सिंह ठाकुर, अनीश बग्गा, शरद मराठा, नईम खान, ललित साहू, रामेश्वर पटवा, लीलेश साहू, अमित साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पार्टी के आदर्शों को ऊंचाई देगा नए अध्यक्ष नबीन का नेतृत्वः येतराम साहू

**महासमुंद।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर नितिन नबीन के सर्वसम्मत निर्वाचन पर हर्ष जताते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने कहा कि मजबूत संगठन, स्पष्ट नेतृत्व और राष्ट्रसेवा के संकल्प के साथ



राष्ट्रीय अध्यक्ष की निर्वाचन प्रक्रिया में छत्तीसगढ़ की सहभागिता केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि संगठनात्मक एकता, अनुशासन और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति भारतीय जनता पार्टी की अटूट प्रतिबद्धता का सशक्त प्रतीक है। साहू ने कहा कि एक युवा नेता होने के नाते नबीन का नेतृत्व कार्यकर्ताओं को ऊर्जावान बनाएगा और पार्टी के आदर्शों को ऊँचाई प्रदान करेगा। छत्तीसगढ़ के सह प्रभारी और बाद में प्रभारी के रूप में उनके मार्गदर्शन में पिछले विधानसभा चुनाव से लेकर निकाय-पंचायत चुनावों में पार्टी का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन एक ऐतिहासिक दस्तावेज है। साहू ने नबीन को ऊर्जा से भरपूर चमत्कारिक प्रतिभा का धनी बताते हुए कहा कि एक युवा नेता को तौर पर नबीन भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष पद संभाल रहे हैं और आने वाला समय युवाओं का है। यह सब एक लोकतांत्रिक प्रक्रिया से हो रहा है, इसलिए यह निश्चित रूप से पार्टी और भाजपा के लिए बहुत फायदेमंद होगा। उक्ताशय की जानकारी जिला मिडिया प्रभारी आनंद साहू द्वारा दिया गया।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संयुक्त मंच ने समस्याओं को लेकर महिला एवं बाल विकास विभाग के सचिव को सौंपा ज्ञापन

**महासमुंद।** आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संयुक्त मंच के प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने मंत्रालय में विभाग के सचिव से भेंटकर घटिया साड़ियों की जांच और आंदोलन में काटे गए मानदेय की वापसी की मांग की। छत्तीसगढ़ की हजारों आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं से जुड़े गंभीर मुद्दों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संयुक्त मंच छत्तीसगढ़ ने महिला एवं बाल विकास सचिव को तीन महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपे हैं। इन ज्ञापनों में जहां एक ओर विभाग द्वारा वितरित की जा रही (घटिया) गुणवत्ताविहीन साड़ियों की उच्चस्तरीय जांच की मांग की गई है। वहीं दूसरी ओर 1 सितंबर एवं 19 सितंबर को हुए आंदोलन के दौरान सामूहिक अवकाश के बावजूद काटे गए मानदेय को तत्काल लौटाने की मांग रखी गई है। वहीं तीसरा मांग सम्मान सुविधा ऐप में हो रही परेशानियां को बताया। संयुक्त मंच के प्रदेश पदाधिकारियों ने बताया कि विभाग द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के लिए क्रय की गई साड़ियां मानक से छोटी हैं तथा गुणवत्ता अत्यंत निम्न स्तर की है। एक बार धोने पर ही साड़ियों का रंग उतर जाना इस बात का प्रमाण है कि खरीदी प्रक्रिया में गंभीर अनियमितता हुई है। ऐसी साड़ियां राजनांदगांव, सूरजपुर, गरियाबंद एवं मुंगेली जिलों में वितरित भी की जा चुकी हैं, जिससे हजारों आंगनबाड़ी बहनों का सम्मान प्रभावित हुआ है। संयुक्त मंच की ओर से महिला बाल विकास मंत्री से मांग की है कि साड़ियों की खरीदी प्रक्रिया की



उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, दोषी आपूर्तिकर्ता व जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई हो तथा वितरित की गई घटिया साड़ियों को वापस लेकर मानक अनुरूप, उत्तम गुणवत्ता की साड़ियां प्रदान की जाएं। साथ ही भविष्य में पारदर्शी एवं गुणवत्ता आधारित क्रय प्रणाली लागू करने की भी मांग की गई है। दूसरे ज्ञापन में संघ ने बताया कि 01 सितंबर एवं 19 सितंबर को संयुक्त मंच के आह्वान पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं ने अपनी जायज मांगों को लेकर शांतिपूर्ण आंदोलन करते हुए सामूहिक अवकाश लिया था, जिसकी पूर्व सूचना विभाग को दी गई थी। इसके बावजूद कई जिलों में उनका मानदेय काट लिया गया, जो लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन और अत्यंत अन्यायपूर्ण है। आंदोलन में सम्मिलित सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं का काटा गया मानदेय तत्काल प्रदाय किया जाए, भविष्य में किसी वैधानिक एवं संगठित आंदोलन के कारण मानदेय ना काटने के स्पष्ट निर्देश जारी किए जाएं तथा विभागीय स्तर पर दंडात्मक एवं प्रतिशोधात्मक रवैये पर रोक लगे। तीसरी ज्ञापन में संघ ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सुबह 9:30 बजे सम्मान सुविधा ऐप में अपना ऑनलाइन फोटो एंट्री करना है, जो कि सरासर गलत है बिल्कुल उचित नहीं है। क्योंकि, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मानदेय कर्मचारी होते हैं, इसके अनुरूप कार्यकर्ताओं को ना सरकारी मोबाइल दिया गया है और ना ही कैप्चर की कोई उचित सुविधा दी गई है। कई स्थानों पर सर्वर की समस्या होने के कारण फोटो खींचने में समस्या आती है और कार्यकर्ताओं की ऑनलाइन अनुपस्थित हो जाती है। जिसके कारण मानदेय काटा जा रहा है। इससे कार्यकर्ता सहायिकाओं में विभाग के प्रति आक्रोश बढ़ता चला जा रहा है। विगत दो माह से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की ड्यूटी चुनाव में लगवाई गई है। बावजूद इसके विभागीय अधिकारियों द्वारा फोटो कैप्चर कर ऑनलाइन एंट्री के लिए लगातार दबाव बनाया जा रहा है। जबकि, दो साल हो गया है उसका मेहनताना भी नहीं मिला है,जिससे सभी कार्य करता है आक्रोशित है। प्रदेश पदाधिकारियों ने कहा कि यह केवल साड़ी या मानदेय का मामला नहीं, बल्कि हजारों मेहनतकश महिलाओं के सम्मान, गरिमा और अधिकार से जुड़ा विषय है। संयुक्त मंच को पूर्ण विश्वास है कि मंत्री व सचिव इन मुद्दों को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र न्यायोचित कार्रवाई करेंगी।

**खबर संक्षेप**




## जिपं सीईओ ने जन चौपाल में सुनी लोगों की मांग एवं समस्याएं

**महासमुंद**। जिला कलेक्ट्रेट में आयोजित होने वाले जन चौपाल में आज जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार ने जिले के आमजनों की मांगों एवं समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनी और संबंधित विभाग के अधिकारियों को नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिए। जन चौपाल में कुल 72 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

जन चौपाल में महासमुंद निवासी जागृति साहू ने उज्वला गैस कनेक्शन दिलाने के लिए आवेदन दिया। इसी तरह ग्राम मुड़ागांव निवासी लाखेश्वर साहू ने अपनी बीमारी के लिए स्वास्थ्य सहायता के अंतर्गत सहायता राशि दिलाने हेतु आवेदन, ग्राम कोलपदर निवासी पंचराम ने आरबीसी 6-4 के तहत क्षतिपूर्ति राशि दिलाने के लिए, ग्राम गढ़फुलझर बसना निवासी रेशम विशाल ने वेतन भुगतान एवं पीएफ राशि दिलाने के लिए, ग्राम सिनोधा निवासी छबीलाल ने भूमिहीन कृषि मजदूर योजना का लाभ दिलाने हेतु, ग्राम अरंड निवासी दिलीप कुमार चंद्राकर ने कृषक सम्मान निधि की राशि दिलाने, ग्राम चरौदा निवासी दीपक साहू ने बैटरी चलित ट्राइसाइकिल दिलाने एवं ग्राम तोषगांव निवासी पुष्पा बाई ने आधार कार्ड बनवाने की समस्या के निराकरण के लिए आवेदन किए।

## कातलबोड़ में 26 को मड़ई

**कुरूद**। ग्राम कातलबोड़ में मड़ई मेला का आयोजन 26 जनवरी को किया जा रहा है। 25 जनवरी को आंगा देवता, कुम्हलाइन दाई का आगमन गट्टासिल्ली बाड़ा पाली नगरी से होगा।

# वैज्ञानिकीय गतिविधियों के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

## प्रीति साहू प्रथम एवं हुलसी ठाकुर व संगीता ध्रुव रहीं द्वितीय, विजेताओं को किया जाएगा पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विज्ञान संकाय द्वारा छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (सी कॉस्ट) रायपुर छग के आदेशानुसार वैज्ञानिकीय गतिविधियों पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य करुणा दुबे के मार्गदर्शन एवं डॉ ईपी चेलक विज्ञान संकाय प्रमुख के संयोजन में आयोजित किया जा रहा है। 20 जनवरी 2026 को वैज्ञानिकीय गतिविधियों विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसके प्रभारी सरस्वती सेठ विभागाध्यक्ष रसायनशास्त्र एवं प्रियंका सोनवानी विभागाध्यक्ष प्राणिशास्त्र रहे।

प्राचार्य करुणा दुबे एवं निर्णायकों द्वारा प्रतिभागियों द्वारा बनाए पोस्टर जिसमें नेचर केमिकल बैलेंस, स्मार्ट फॉर्मिंग, स्मार्ट लर्निंग, सोलर एनर्जी, सॉफ्टवेयर अपडेशन, बायोडायवर्सिटी, इकोसिस्टम एवं अन्य विषयों पर कुल 14 पोस्टर प्रतिभागियों द्वारा बनाया गया, जिसका निरीक्षण किया गया। उक्त प्रतियोगिता में निर्णायक डॉ जागृति चंद्राकर अतिथि व्याख्याता वनस्पतिशास्त्र, डॉ. प्रिया बारीक अतिथि व्याख्याता भौतिकशास्त्र, चंद्रप्रकाश चतुर्वेदी, रोहिणी देवांगन, रूपावती अतिथि व्याख्याता गणित, मुकेश ढीढी जनभागीदारी व्याख्याता प्राणिशास्त्र रहे। प्राचार्य करुणा दुबे ने सभी प्रतिभागियों को प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी विद्यार्थी ने आप अपने कलात्मकता के



साथ अपने श्रेष्ठ देने का प्रयास किया। वैज्ञानिकीय गतिविधि विषय पर आधारित पोस्टर के माध्यम से वैज्ञानिक संदेश दे रहे है वो सराहनीय है। वर्तमान समय में अधिकतर विज्ञान ही प्रोगेस कर रहा है। आप सभी विद्यार्थी है अपने छोटे छोटे लक्ष्य को निर्धारित कर आगे बढ़े। कार्यक्रम संयोजक डॉ ईपी चेलक ने बताया कि कला और विज्ञान का यह मेल जटिल वैज्ञानिक विचारों को सरल और रचनात्मक तरीके से प्रस्तुत करने का एक माध्यम है। साथ ही यह जन सामान्य में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को प्रस्तुत करने एवं हमारे देश के वैज्ञानिकों की विरासत को प्रस्तुत करने का मौका देती है तथा देश दुनिया को बेहतर भविष्य निर्माण में सहायक है। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रीति साहू बीसीए अंतिम वर्ष, द्वितीय स्थान संयुक्त रूप से हुलसी ठाकुर एवं संगीता ध्रुव बीएससी अंतिम वर्ष बायो, तृतीय स्थान संयुक्त रूप से ज्योति साहू बीएससी मैथ्स अंतिम वर्ष एवं लोकिता साहू एमएससी प्राणिशास्त्र चतुर्थ सेमेस्टर रही। सभी विजेता प्रतिभागियों को समापन कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विज्ञान संकाय से मनीराम धीवर विभागाध्यक्ष भौतिकशास्त्र, डॉ. अजय कुमार देवांगन विभागाध्यक्ष कंप्यूटर एप्लीकेशन, डॉ जगदीश सत्यम सहायक प्राध्यापक भौतिकशास्त्र, प्रकाशमणि साहू जनभागीदारी व्याख्याता रसायनशास्त्र, किरण साहू जनभागीदारी व्याख्याता वनस्पतिशास्त्र, टीकम साहू, पूजा यादव व्याख्याता कंप्यूटर एप्लीकेशन, प्रयोगशाला तकनीशियन तेजस्वनी साहू, प्रयोगशाला परिचारक पूर्णिमा साहू, मनीष साहू सहित अधिक संख्या में विज्ञान संकाय के विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रकाशमणि साहू एवं आभार व्यक्त सरस्वती सेठ विभागाध्यक्ष रसायनशास्त्र द्वारा किया गया।

**तैयारी:** गणतंत्र दिवस पर विभागों द्वारा जीवंत झांकी का किया जाएगा प्रदर्शन

# गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों का कलेक्टर एवं एसपी ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने आज सुबह 11 बजे मिनी स्टेडियम में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मंच की व्यवस्था, बेरिकेडिंग और मैदान की स्थिति का विस्तार से अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अक्षा गुप्ता, संबंधित जिला अधिकारी और आयोजन से जुड़े विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर लंगेह ने संबंधित अधिकारियों को गणतंत्र दिवस समारोह को गरिमामय तरीके से आयोजित करने समयबद्ध तरीके से सभी तैयारियां पूरी करने का निर्देश दिया।



निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मंच की सजावट और आयोजन स्थल पर बेरिकेडिंग के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही, उन्होंने बेरिकेटिंग को सुव्यवस्थित रखने और आगंतुकों के लिए समुचित व्यवस्थाओं जैसे बैठने, पेयजल, और प्रवेश-निकास की सुगमता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने गणतंत्र दिवस समारोह में स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली सांस्कृतिक कार्यक्रम को देशभक्ति से ओत-प्रोत और स्थानीय संस्कृति को महत्व को प्राथमिकता देते हुए आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। समारोह स्थल पर 13 विभागों और संस्थाओं द्वारा तैयार किए गए चलित झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने झांकियों को आकर्षक थीम आधारित और नवाचार पर आधारित जीवंत प्रदर्शन के निर्देश दिए। इस दौरान स्कूली विद्यार्थियों के द्वारा की जा रही तैयारियों का अवलोकन भी किया। कलेक्टर ने वीआईपी, अधिकारी-कर्मचारी, मीडिया, आम जनता के बैठने के व्यवस्था के लिए भी आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने समय पर आमंत्रण पत्र वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं। कार्यक्रम की मिनट टू मिनट रूपरेखा के अनुरूप तैयारी करने के निर्देश दिए।

## लाफिनखुर्द स्कूल में हुआ साइकिल वितरण कार्यक्रम

**महासमुंद**। शासकीय हाईस्कूल लाफिनखुर्द में छत्तीसगढ़ शासन की निशुल्क सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत 44 छात्र-छात्राओं को साइकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि रमेश साहू रहे। उनके साथ पवन पटेल,संतोष साहू (जनपद सदस्य), ग्राम सरपंच जानकी साहू, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष सुंदर साहू, नामदेव साहू एवं समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। तत्पश्चात संस्था के प्राचार्य ने विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी देते हुए शासन की विभिन्न योजनाओं जैसे छात्रवृत्ति योजना, पाठ्यपुस्तक योजना, दिव्यांग छात्रवृत्ति एवं साइकिल वितरण योजना की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा संचालित योजनाओं के माध्यम से सुदूर अंचल के बच्चे भी शिक्षा से जुड़कर अपने भविष्य को संवार सकते हैं। पवन पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा से ही बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है। बच्चे रबर की तरह होते हैं, उन्हें जिस रूप में ढालना चाहें, ढाला जा सकता है। उन्होंने बच्चों को पीएससी एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से अपने लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। नामदेव साहू ने विद्यार्थियों को घर पर अध्ययन के लिए समय-सारणी बनाकर नियमित पढ़ाई करने की सलाह दी। शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष सुंदर साहू ने कहा कि बच्चों के विकास में माता-पिता एवं गुरुजनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उनके मार्गदर्शन में मन लगाकर अध्ययन करने से सफलता निश्चित मिलती है। जनपद सदस्य संतोष साहू ने विद्यार्थियों को परीक्षा में अच्छे अंक लाने एवं लगन से अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि रमेश साहू ने कहा कि साइकिल योजना शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। आठवीं कक्षा के बाद बालिकाओं के विद्यालय छोड़ने की समस्या को ध्यान में रखते हुए यह योजना प्रारंभ की गई है, जिससे बालिकाएं शिक्षा की मुख्यधारा से जुड़ी रहें। संचालन व्याख्याता विनीता अंजलि दीवान ने किया।

# जनभागीदारी से बदलेगी सितली नाले की सूरत, स्वयंसेवकों ने किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पर्यावरण संरक्षण और जल स्त्रोतों के पुनरुद्धार के संकल्प के साथ स्वाध्याय केंद्र समिति द्वारा संचालित अविरल सितली निर्मल सितली अभियान के अंतर्गत सितली नाला के तट पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ महासमुंद की प्रातः शाखा लगाई गई। स्वयंसेवकों ने अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज



कराई। सुबह निर्धारित समय 7.30 से 8.30 बजे तक सितली नाला तट पर बड़ी संख्या में एकत्रित हुए स्वयंसेवकों ने सितली नाला क्षेत्र के प्लास्टिक, कचरे तथा जलकुंभियों को हटाकर स्वच्छता का संदेश दिया। पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा ने इस महत्वाकांक्षी योजना की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि आगामी समय में सितली नाला पुल से लेकर मुक्तिधाम तक के क्षेत्र को एक आदर्श परिसर के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने जानकारी दी कि यहां दोनों ओर पैदल पार पथ, पचरी, फुट ओवरब्रिज, उद्यान और गौरव के प्रतीक स्वरूप भारत माता की भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी। डॉ. चोपड़ा ने इस बात पर विशेष बल दिया कि वर्तमान में गंदगी और झाड़ियों से पट चुके सितली नाले को उसके पुराने और प्राकृतिक स्वरूप में लौटाना किसी एक व्यक्ति या संस्था का नहीं, बल्कि सभी शहरवासियों का नैतिक कर्तव्य है।

उन्होंने आह्वान किया कि इस अभियान को एक जन-आंदोलन का रूप देकर ही हम अपनी भावी पीढ़ियों को एक स्वच्छ और हरा-भरा वातावरण सौंप पाएंगे। इस अवसर पर संघ के विभाग प्रचारक ठाकुर राम ने स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन करते हुए पर्यावरण संरक्षण के बारे में बताया। उन्होंने संघ के पंच परिवर्तन के अंतर्गत पर्यावरण को एक प्रमुख स्तंभ बताते हुए कहा कि जल, जंगल और जमीन की रक्षा करना हमारी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने जोर दिया कि प्रकृति के साथ संतुलन बनाना केवल आज की जरूरत नहीं, बल्कि हमारा धर्म है। उन्होंने समाज के हर वर्ग से अपील की कि वे अपनी जीवनशैली में परिवर्तन लाएं और प्लास्टिक मुक्त समाज के निर्माण के साथ-साथ जल संरक्षण के प्रति सजग रहें। उपस्थित जनों ने संकल्प लिया कि वे निरंतर प्रयासों से सितली नाला को पुनः निर्मल और अविरल बनाकर ही दम लेंगे। संघ प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस दौरान महेश चंद्राकर, भूपेंद्र राठौड़, घनश्याम सोनी, चंद्रशेखर साहू, आरएस माली, अनूप उपासे, धर्मेंद्र डडसेना, जैनेंद्र चंद्राकर, राधेश्याम सोनी, नारायण सिंह ठाकुर, संतोष ध्रुव, चंद्रबदन मिश्रा, मोहन साहू, पवन साहू, राजेश डडसेना, निलेश पटेल, मनीष शर्मा, महेंद्र जैन, रामेश्वर साहू, सुरेंद्र ठेठवार, लक्ष्मीकांत यदु, जितेंद्र साहू, प्रांशु चंद्राकर, नूतन साहू, बब्बन कौशिक, कुंदन लाल साहू, दिग्विजय साहू, मिथिलेश बोयर, राजेश शर्मा, चंदन डड़सेना, संजय यादव, नागेश चक्रधारी, कुंदन साहू, विजय महतो, धीरज सिन्हा, गुलाब ठाकुर सहित नगरवासी मौजूद थे।

# दिल्ली में महासमुंद की छात्रा सृष्टि करेंगी छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व

## स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नयापारा की कक्षा 12वीं की छात्रा है सृष्टि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायी कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा के नौवें संस्करण में इस वर्ष महासमुंद की होनहार छात्रा सृष्टि साहू छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाएंगी। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नयापारा की कक्षा 12वीं (गणित संकाय) की छात्रा सृष्टि का चयन राष्ट्रीय स्तर पर दिल्ली में आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम के लिए किया गया है। विद्यालय की शाला नायिका के रूप में अपनी पहचान बनाने वाली सृष्टि साहू एक दिन के लिए प्रतीकात्मक प्राचार्य का दायित्व भी सफलतापूर्वक निभा चुकी हैं। विद्यालय की प्राचार्य अमी रुफस के मार्गदर्शन में संस्था के शत-प्रतिशत विद्यार्थियों ने माई गवर्नमेंट पोर्टल पर पंजीयन किया गया था, जिसमें सृष्टि ने अपनी प्रतिभा के दम पर दिल्ली के लिए उनका चयन हुआ।



कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने सृष्टि की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। कलेक्टर ने छात्रा का उत्साहवर्धन करते हुए उनकी दिल्ली यात्रा के लिए हवाई टिकट (फ्लाइट) और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं जिला प्रशासन की ओर से सुनिश्चित कराई गई हैं। कलेक्टर लंगेह ने कहा कि शिक्षा मंत्रालय का यह इंटरएक्टिव प्लेटफॉर्म विद्यार्थियों के लिए तनाव मुक्त परीक्षा की तैयारी का एक सुनहरा अवसर है। इसमें देश-विदेश के विद्यार्थी, शिक्षक और अभिभावक सीधे प्रधानमंत्री से जुड़कर परीक्षा के अनुभवों और सकारात्मक दृष्टिकोण पर चर्चा करते हैं।

जिला मिशन समन्वयक रेखराज शर्मा ने बताया कि चयनित प्रतिभागियों के लिए यह अनुभव अत्यंत गौरवशाली होगा। इसके तहत प्रधानमंत्री के साथ सेल्फी का अवसर, विशेष परीक्षा पे चर्चा किट, सहभागिता प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री आवास का भ्रमण (संभावित) निश्चित तौर पर प्रधानमंत्री के साथ सीधे संवाद के माध्यम से आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। सृष्टि की इस सफलता पर जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, सहायक संचालक एनके सिन्हा, एडीपीओ प्रमोद कुमार कन्नौजे, विकासखंड शिक्षा अधिकारी व बीआरसी जागेश्वर सिन्हा, एपीसी संपा बोस ने हर्ष व्यक्त किया है। साथ ही संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता गोसाई राम टांडेकर, प्रियंका पीटर, ओमप्रकाश देवांगन, हरीश पांडेय, अंशुमाला बारिक (कक्षा शिक्षिका) और समस्त स्टाफ ने सृष्टि के उज्वल भविष्य की कामना की है।

## मीटिंग में मनरेगा बचाओ आंदोलन पर होगी चर्चा

**धमतरी**। अनिल जयहिंद अध्यक्ष अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ओबीसी डिपार्टमेंट के मार्गदर्शन में लेखराम साहू पूर्व विधायक कुरूद एवं संजय पाल को राष्ट्रीय समन्वयक पिछड़ा वर्ग नई दिल्ली एवं तेलंगाना ओबीसी का प्रभारी बनाया गया है। 22 जनवरी को तेलंगाना ओबीसी की मीटिंग रखी गई है। मुख्यातिथि श्रीकांत गौड़ अध्यक्ष ओबीसी तेलंगाना, श्रीमती मीनाक्षी नटराजन एआईसीसी, बी. महेश कुमार गौड़ अध्यक्ष पीसीसी तेलंगाना होंगे।

# महासमुंद नगर पालिका के जनप्रतिनिधियों की एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत नगर पालिका परिषद महासमुंद के जनप्रतिनिधियों का 19 जनवरी को एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन हॉटल अकेशिया में किया गया। कार्यशाला का आयोजन नगर पालिका परिषद उपाध्यक्ष देवीचंद राठी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यशाला में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव, जिला नोडल अधिकारी डॉ. छत्रपाल चंद्राकर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक नीलू घृतलहरे, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक राहुल ठाकुर, उत्तम वास एवं एकेश्वर शुक्ला जिला सलाहकार शामिल हुए। उक्त कार्यशाला में शहरी सेक्टर सुपरवाइजर दीपक तिवारी द्वारा शहरी क्षेत्र के समस्त जन प्रतिनिधियों को स्वास्थ्य संबंधी समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों जैसे मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोतियाबिंद, मानसिक



स्वास्थ्य, आयुष्मान कार्ड, जानकारी प्रदाय की गई। जिला को टीबी मुक्त करने के लिए जिला सलाहकार द्वारा विस्तृत जानकारी प्रदाय की गई एवं टीबी मरीजों को बेहतर पोषण प्रदाय करने के लिए जनप्रतिनिधियों को निश्चय मित्र बनने के लिए प्रेरित किया गया। शहरी स्वास्थ्य केंद्र एवं जिला चिकित्सालय में दिए जा रहे कुष्ठ रोग संबंधी स्वास्थ्य सुविधाएं स्किन स्मियर टेस्ट, निःशुल्क जांच, एवं एमडीटी आदि की जानकारी देते हुए जनप्रतिनिधियों से सहयोग की अपेक्षा किया गया। जिले में संचालित तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत मति मेघा ताम्रकर काउंसर द्वारा नशा मुक्त अभियान की जानकारी प्रदाय की गई एवं लोगों को नशा मुक्त करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। साथ ही नशा मुक्ति के लिए जनप्रतिनिधियों को शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम में शहरी क्षेत्र में स्वास्थ्य संबंधी जांच एवं आम नागरिकों तक उचित लाभ प्रदान किए जाने हेतु परामर्श दिया गया।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत लगा शिविर, 56 स्कूल बसों का भौतिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत 01 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक चल रहे कार्यक्रम के तहत जिला परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा स्कूल बसों का भौतिक निरीक्षण शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर प्रतिभा पब्लिक स्कूल बसना एवं प्रतिभा पब्लिक स्कूल सरायपाली में हुआ।

प्रतिभा पब्लिक स्कूल बसना में बसना, सांकरा एवं पिथौरा तहसील के अंतर्गत संचालित कुल 20 स्कूल बसों का भौतिक निरीक्षण किया गया। वहीं प्रतिभा पब्लिक स्कूल सरायपाली में सरायपाली तहसील के अंतर्गत संचालित 36 स्कूल बसों का निरीक्षण किया गया। इस प्रकार कुल 56 स्कूल बसों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान 8 बसों में दस्तावेजों एवं अन्य आवश्यकताओं में कमी पाए जाने पर चालानी कार्रवाई की गई, जिसके अंतर्गत 8, 700 रुपए समन शुल्क की वसूली की गई। संबंधित बस संचालकों को एक सप्ताह के भीतर आवश्यक दस्तावेज पूर्ण करने की समझाइश भी दी गई। इस अवसर पर स्कूल बस चालकों एवं परिचालकों को वाहन संचालन के दौरान शराब सेवन न करने, तेज गति से वाहन न चलाने, सीट बेल्ट का उपयोग सुनिश्चित करने, फायर सेफ्टी उपकरण एवं फर्स्ट एड बॉक्स की नियमित जांच करने, सीसीटीवी कैमरा दुरुस्त रखने तथा यातायात नियमों का पालन करने संबंधी आवश्यक निर्देश दिए गए। निरीक्षण कार्य में जिला परिवहन अधिकारी राम कुमार ध्रुव, खम्हारपाली चेकपोस्ट से परिवहन उप निरीक्षक जायसवाल, रामभरोसा निर्मलकर, हेमचंद कंवर, लखन पटेल, नीलांबर कन्नौजे तथा यातायात विभाग, महासमुंद से यातायात प्रभारी रामभजन सिन्हा, आरक्षक पेखन माथुर, विनोद अनंत सहित सभी स्कूल बसों के चालक एवं परिचालक उपस्थित रहे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### सीआरपीएफ में विकास का चयन

**झलप।** ग्राम झलप के रविदास नगर वार्ड क्रमांक 7 निवासी विकास यूग्रे पिता स्वर्गीय मदन यूग्रे का सीआरपीएफ में चयन हुआ है। उनके चयन पर भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रहास गोलू चंद्राकर, सरपंच राकेश साहू, भाजपा नेता खेमराज बघेल, जिलाध्यक्ष रविदास समाज देवेंद्र रौतिया, आलोक नायक, संतोष पंडा, राजेंद्र चंद्राकर, वार्ड पंच चेतन रौतिया, चैतराम पटेल, भुवन युगरे आदि ने हर्ष जताया है।



### बटोरा में 5 कुंडीय महायज्ञ का आयोजन 23 को

**कोमाखान।** बसंत पंचमी पर 23 जनवरी को प्रज्ञा पीठ बटोरा (कोमाखान) में 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया है। इस दिन प्रातः 8 बजे से 10 बजे तक अखंड जाप व 10.30 बजे से यज्ञ प्रारंभ होकर दोपहर 1:30 बजे से भोजन प्रसाद वितरण होगा। कार्यक्रम में समस्त परिजनों को सपरिवार आमंत्रित किया गया है। उक्त जानकारी केआर सोनी नें दी है।

### उद्योग स्थापना के लिए आवेदन आमंत्रित

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना वर्ष 2025-26 के अंतर्गत जिले में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित करने के लिए इच्छुक व्यक्तियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। महाप्रबंधक जिला व्यापार एव उद्योग केंद्र ने बताया कि इस योजना के तहत राइस मिल, दाल मिल, आटा, बेसन, मैदा निर्माण, मसाला, बेकरी उत्पाद, दूध एवं दुग्ध उत्पाद, पापड़-बड़ी, नमकीन-मिक्चर, अचार, सॉस, जैम, जेली, गुड़, चॉकलेट, कन्फेक्शनरी, मिठाई उत्पाद, आइसक्रीम, पशु आहार, मछली आहार, मशरूम उत्पाद, मुर्गी आहार, चटनी, जूस, साबुदाना, घी, पोहा निर्माण, लहसुन-प्याज एवं अदरक पेस्ट, पेठा, तिलकुट सहित अन्य खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां स्थापित की जा सकती हैं।

**चर्चा : कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने ली समय-सीमा की बैठक**

# अवैध धान खरीदी में संलिप्त कोचियों के विरूद्ध करें सख्त कार्रवाई : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक आयोजित कर जिले में संचालित शासकीय योजनाओं, कार्यक्रमों एवं आगामी आयोजनों की विस्तृत समीक्षा की। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि कुमार साहू, अनुविभागीय अधिकारी, विभागीय जिलाधिकारी, जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ तथा वीसी के माध्यम से ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर लंगेह ने धान खरीदी की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि धान खरीदी निरंतर जारी रहे। उन्होंने नोडल अधिकारियों को लगातार उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण कर भौतिक सत्यापन के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि उठाव में देरी के कारण किसी भी स्थिति में खरीदी बंद न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। कलेक्टर ने कहा कि धान खरीदी के लिए अब केवल 7 दिन ही शेष रह गए हैं, ऐसे में छोटे एवं सीमांत कृषकों को धान खरीदी में प्राथमिकता देवें। अंतरराज्यीय एवं सभी जांच चौकियों में सतर्कता से निगरानी रखने एवं आशंका की स्थिति में संबंधित परिवहन की जांच एवं कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि धान खरीदी से संबंधित कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा संबंधित पर कार्रवाई की जाएगी। कोचियों पर सतत निगरानी रखी जाए एवं उनके स्टॉक का भौतिक सत्यापन करते रहें। किसी भी तरह अवैध धान की खरीद बिक्री न हो। शिकायत पाए जाने पर सख्त कार्रवाई करें। बैठक में अन्य शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की भी विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनहित के कार्यों में तेजी, गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए, तथा समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करना सभी विभागों की जिम्मेदारी है। साथ ही उन्होंने पीएम जनमन, मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनचौपाल, समय-सीमा पत्रक और राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समय सीमा के पश्चात सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कहा कि सबसे पहले अधिकारी-कर्मचारी यातायात नियमों का अनिवार्यतः पालन सुनिश्चित करें। दैनिक आवाजाही में वाहनों का उपयोग के दौरान सीट बेल्ट और हेलमेट का उपयोग करें। उन्होंने यातायात प्रभारी को नियमित चेकिंग के निर्देश दिए हैं। बैठक में जिला परिवहन अधिकारी ने यातायात संबंधी अन्य जानकारी दी।




### विभागों को नियमित मॉनिटरिंग करने के दिए निर्देश

कलेक्टर ने मुख्यमंत्री द्वारा गढ़फुलझर, झलप, खल्लारी, सलखण्ड एवं दुर्गापाली में की गई घोषणाओं के समय-सीमा में तथा गुणवत्ता पूर्ण क्रियान्वयन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। संबंधित विभागों को नियमित मॉनिटरिंग करने के लिए कहा गया। बैठक में आधार बेस्ड उपस्थिति प्रणाली को अनिवार्य करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी-कर्मचारी प्रतिदिन सुबह 10 बजे कार्यालय में उपस्थित रहें। उपस्थिति में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ई-ऑफिस प्रणाली को लेकर कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी फाइलों का मूवमेंट ई-फाइल के माध्यम से ही किया जाए, यह अनिवार्य है। इससे कार्यों में पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित होगी। गांवों और हाईवे किनारे समुचित कचरा प्रबंधन के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर कचरा पेटी की व्यवस्था की जाए तथा नियमित अंतराल पर उसकी सफाई करे। लोगों में यह आदत विकसित करें कि कचरा इधर-उधर न फेंके और कचरा पेटी में ही डालें।

## मोगेश बने भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव के सहमति से भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर द्वारा बागबाहरा क्षेत्र के भाजपा नेता व पूर्व पार्षद मोगेश पिंटू चंद्राकर को छत्तीसगढ़ भाजपा किसान मोर्चा में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। उनको प्रदेश स्तर पर कार्यकारिणी सदस्य बनाए जाने पर नगर समेत पूरे खल्लारी क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है। नवनियुक्त प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मोगेश पिंटू चंद्राकर ने विश्वास व्यक्त किया है कि आपका यह दायित्व निर्वहन संगठन को सशक्त करेगा। किसानों के हित में नई दिशा मिलेगी। पिंटू को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनाए जाने पर बागबाहरा शहर मंडल अध्यक्ष डिंपल डाली ध्रुव, भीखम सिंह ठाकुर उपाध्यक्ष जिला पंचायत महासमुंद, अतुल गंडेचा बलराम ठाकुर, शंकर तांडी ने हर्ष जताया है।

## नबीन के भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से कार्यकर्ताओं में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

संगठन पर्व के अंतर्गत युवा नितिन नबीन को भारतीय जनता पार्टी के निर्विरोध 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर अल्का चंद्राकर (स्वतन्त्र निदेशक इस्पात मंत्रालय भारत सरकार) एवं खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के समस्त भाजपा पदाधिकारी-कार्यकर्ताओं ने हर्ष जताया है। अल्का ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी में ही संभव है कि एक आम कार्यकर्ता भी राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद तक पहुंच सकता है। नितिन नबीन के रूप में एक युवा को दुनिया की सबसे बड़े राजनीतिक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में चुनकर भाजपा ने आज की राजनीतिक व्यवस्था में युवाओं के महत्व को दिखाया है। भाजपा के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन राजनीति में सत्ता और संगठन दोनों का अच्छा अनुभव रखते हैं, बिहार प्रदेश के बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र से लगातार 4 बार विधायक तथा बिहार सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में भी कार्य कर चुके हैं। इसी प्रकार संगठन में भी विभिन्न दायित्व जैसे राष्ट्रीय महामंत्री युवा मोर्चा, प्रदेश अध्यक्ष बिहार युवा मोर्चा, छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा के प्रभारी के रूप कार्य कर चुके हैं।



अलका ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत बनाने के संकल्प को पूरा करने में भाजपा के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के नेतृत्व में भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करेगी तथा आने वाले वर्षों में विभिन्न प्रदेशों के विधानसभा चुनावों तथा लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को विजयी बनाने के लिए दिन रात मेहनत करेगी।



### महिलाओं की सुविधा व स्वच्छता के लिए न्यायालय परिसर में सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीन स्थापित

**महासमुंद।** जिला न्यायालय परिसर में महिलाओं की सुविधा, सुरक्षा एवं स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीन का सफलतापूर्वक स्थापना/लोकार्पण किया गया। इस पहल का उद्देश्य न्यायालय में आने वाली महिला अधिवक्ताओं, महिला कर्मचारियों एवं महिला आगंतुकों को मासिक धर्म के समय आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि यह कदम महिलाओं के स्वास्थ्य, सम्मान और स्वच्छता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। वेंडिंग मशीन के माध्यम से आवश्यकता पड़ने पर महिलाएं आसानी से सैनिटरी पैड प्राप्त कर सकेंगी, जिससे उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। कार्यक्रम के दौरान सौरभ मालू ने बताया कि महिलाओं के लिए स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना समाज की जिम्मेदारी है और ऐसी सुविधाएं सार्वजनिक स्थानों पर आवश्यक हैं।




### राष्ट्रीय शालेय बास्केटबॉल चैंपियनशिप में जिले के 4 खिलाड़ियों ने जीता कांस्य पदक

**महासमुंद।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 69 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता बास्केटबॉल अंडर 17 वर्ष बालिका वर्ग का आयोजन दिनांक 11 से 15 जनवरी 2026 तक राजनांदगांव में आयोजित किया गया, जिसमें जिले के मां गायत्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के 04 खिलाड़ी दिव्या पिता विनोद रंगारी, स्वाति पिता श्यामू यादव, राइमा पिता रखाल दास एवं पलक पिता जगदीश पंचबद्धे का चयन हुआ। सभी खिलाड़ी मिनी स्टेडियम महासमुंद में बास्केटबॉल खेल का अभ्यास करते हुए राष्ट्रीय चैंपियनशिप राजनांदगांव के लिए जिले से चयनित हुए हैं। छत्तीसगढ़ की टीम ने राजनांदगांव में बेहतर प्रदर्शन कर कांस्य पदक जीतकर जिले व प्रदेश को गौरवांवित किया हैं।

## युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर अपनी जिम्मेदारियां निभाएंगे नबीनः रूपकुमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारतीय जनता पार्टी के सर्वसम्मति से राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर नितिन नबीन को भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व सांसद रूपकुमारी चौधरी ने शुभकामनाएं दी हैं। श्रीमती चौधरी ने विश्वास व्यक्त किया कि नबीन के ऊर्जावान नेतृत्व में प्रधानमंत्री द्वारा तय किए गए विकसित भारत के विजन को युवा ही पूरा करेंगे, जो देश का मार्गदर्शन करने और उसे एक विकसित भारत बनाने में आगे बढ़कर नेतृत्व करेंगे। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रूपकुमारी ने कहा कि यह बहुत गर्व की बात है कि एक युवा नेता के रूप में नबीन ने आज दुनिया की सबसे बड़ी पॉलीटिकल पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष का गुरुतर दायित्व ग्रहण किया है। सबसे युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर नबीन अपनी जिम्मेदारियां निभाएंगे। भाजपा ने देश और कार्यकर्ताओं को एक संदेश दिया है कि जो भी कड़ी मेहनत करेगा, एक आम कार्यकर्ता भी प्रदेश अध्यक्ष और यहां तक कि राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है। युवाओं को पार्टी में नई दिशा और नई सोच लाने का मौका दिया गया है। श्रीमती चौधरी ने कहा कि नबीन सत्ता और संगठन में कर्मठ प्रशासक व समर्पित कार्यकर्ता के रूप में जाने जाते हैं। संगठनात्मक कार्यों का उनका लंबा अनुभव है।





### भरोसा कैलेंडर का हुआ विमोचन : अंकित

**महासमुंद।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी छपवाए जाने वाले वार्षिक कैलेंडर का विमोचन पूर्व मुख्यमंत्री व राष्ट्रीय महासचिव प्रभारी भूपेश बघेल के द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त सुशील सन्नी अग्रवाल, कुनकुरी के नगर पंचायत अध्यक्ष विनयशील, सुशील ओझा, हनी बग्गा भी उपस्थित थे।

### जिले में ऑनलाइन स्क्रीनिंग टेस्ट आज, 69 प्रतिभागी हुए पंजीकृत

**महासमुंद।** भारत सरकार द्वारा आयोजित इंडिया स्किल कॉम्पिटिशन 2025 के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य के युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने एवं चरणबद्ध चयन प्रक्रिया को सुचारू, पारदर्शी तथा समयबद्ध रूप से संपादित करने के लिए राज्य द्वारा चयनित 19 ट्रेड/स्किल में पंजीकृत प्रतिभागियों का ऑनलाइन स्क्रीनिंग टेस्ट आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में 21 जनवरी 2026 को प्रातः11 बजे से जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज, पॉलिटेक्निक भवन बरोंडा बाजार में एनआईसी द्वारा आयोजित ऑनलाइन स्क्रीनिंग टेस्ट के माध्यम से प्रतियोगिता कराई जाएगी। प्रथम चरण में जिला स्तर पर बहुविकल्पीय प्रश्न आधारित ऑनलाइन टेस्ट आयोजित कर प्रतिभागियों की प्रारंभिक योग्यता का निष्पक्ष मूल्यांकन किया जाएगा। ताकि, द्वितीय चरण में राज्य स्तर पर आयोजित होने वाले व्यावहारिक, हैंड-वर्क स्किल टेस्ट के लिए योग्य प्रतिभागियों का चयन किया जा सके। इस प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को राज्य स्तर पर चयन के साथ-साथ वर्ल्ड स्किल कॉम्पिटिशन शंघाई 2026 में सम्मिलित होने का सुनहरा अवसर प्राप्त होगा। इस प्रतियोगिता के लिए कुल 69 प्रतिभागियों का पंजीयन किया गया है।

### महिलाओं का कार्यस्थल पर लैगिंक उत्पीड़न अधिनियम 2013 के संबंध में जागरुकता कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम 2013 के प्रावधानों के विषय में जिले में 19 जनवरी को महाविद्यालयों में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय मचेवा एवं शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय मचेवा में आयोजित हुआ। जिसमें क्रमशः प्रभारी प्राचार्य डॉ मालती तिवारी एवं प्राचार्य डॉ शीलभद्र कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम में सी-बॉक्स पोर्टल एवं महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम 2013 के संबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान पूनम केसरिया संरक्षण अधिकारी (घरेलू हिंसा), झलक साहू केंद्र प्रशासक सखी वन स्टॉप सेंटर, खिलेश्वरी चक्रधारी मिशन समन्वयक महिला सशक्तिकरण केंद्र, जागेश्वरी सोनवानी चाइल्ड लाइन मिशन वात्सल्य का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में कॉलेज के समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं अधिक संख्या में उपस्थित रहे।

## विधायक निवास में हुआ ब्राह्मण भोज, विधायक ने परिवार सहित किया सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- पार्थिव शिवलिंग का रूद्राभिषेक भी किया गया

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के निवास में सोमवार को ब्राह्मण भोज हुआ। साथ ही पार्थिव शिवलिंग का रूद्राभिषेक भी हुआ। विधायक सिन्हा ने आए हुए ब्राह्मणों का परिवार सहित सम्मान के साथ स्वागत एवं अभिनंदन किया। इसके पश्चात उन्हें भोजन के लिए आग्रह किया। ब्राह्मणों ने भी विधायक के आमंत्रण को स्वीकार करते हुए भोज में शामिल हुए। विधायक ने पूरे परिवार सहित ब्राह्मणों का आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही धार्मिक विषयों पर उनका मार्गदर्शन भी लिया। इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि ब्राह्मणों ने ऐतिहासिक रूप से धर्म, कला, विज्ञान और राजनीति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके ज्ञान, शिक्षा, धार्मिक नेतृत्व और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में उनका महत्व निहित है, जो भारतीय समाज की नींव का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहे हैं। सनातन परंपरा में ब्राह्मण को समाज का मार्गदर्शक, विचारक और संतुलनकर्ता माना गया है।



**जिले के 07 खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय रग्बी चैंपियनशिप भवनेश्वर के लिए**

# राष्ट्रीय रग्बी चैंपियनशिप में महासमुंद जिले के 7 खिलाड़ी शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राष्ट्रीय सेवेंस रग्बी फुटबाल चैंपियनशिप का आयोजन भुवनेश्वर ओडिशा 16 से 21 जनवरी 2026 तक आयोजित किया गया हैं। महासमुंद जिले के 03 बालक एवं 04 बालिकाओं का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। जिसमें बालक टीम में झलक ध्रुव पिता मनाराम ध्रुव ग्राम खमतराई सिरपुर, भूपेंद्र साहू पिता शंकर लाल साहू तुमगांव, विनय तारक तुमगांव एवं बालिका टीम में जिया खान पिता अब्दुल माजिद खान, प्रियंका साहू पिता केशव साहू, नंदनी निषाद पिता दिलीप निषाद, निशा ध्रुव पिता जानश्री ध्रुव शामिल है।

छत्तीसगढ़ रग्बी संघ द्वारा राज्य स्तरीय रग्बी प्रतियोगिता रायपुर में आयोजित किया गया था। जिसमें महासमुंद जिला ने बालक एवं बालिका दोनों टीम ने स्वर्ण पदक जीतकर विजेता बनने का गौरव हासिल किए हैं। रग्बी चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर इन खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय चैंपियनशिप भुवनेश्वर उड़ीसा के लिए किया गया। जिले में रग्बी खेल का अभ्यास डॉ. सुनील कुमार भोई व्यायाम शिक्षक भोरिंग एवं सीनियर खिलाड़ियों के माध्यम से तुमगांव, भोरिंग, बेलसोंडा एवं पटेवा में नियमित अभ्यास कराया जाता हैं, जिससे खिलाड़ी बेहतर खेल कौशल का प्रदर्शन कर राज्य एवं राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भागीदारी करते आ रहे हैं एवं राज्य स्तर पर पदक जीतने में सफल हो रहे हैं। डॉ. सुनील कुमार भोई व्यायाम शिक्षक के प्रशिक्षण के द्वारा प्रति वर्ष 150 से अधिक खिलाड़ी राज्य स्तर पर प्रतिनिधित्व करते हैं एवं 40 से अधिक खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व कर जिले को गौरवान्वित करते आ रहे हैं।

राष्ट्रीय चैंपियनशिप में 07 खिलाड़ियों के चयन होने पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद मनोज कुमार घृतलहरे, हुलसी चंद्राकर, सहायक क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमाल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिंहा, हिना ढालेन, हर्ष शर्मा, प्रीति त्रिभवन धीवर, भेखराम साहू, प्राचार्य शाउमावि भोरिंग कमलेश्वरी साहू, व्यायाम शिक्षक डॉ. सुनील कुमार भोई, प्राचार्य शाउमावि बेलसोंडा डीएन जांगड़े, व्यायाम शिक्षक इंद्राणी भास्कर, शोभासिंह देव, जगदीश सिंहा, हेतमलता ठाकुर, राजकुमारी पटेल समस्त स्टाफ बेलसोंड़ा, पुष्पा साहू, जीवन लाल साहू, यूआर साहू, भुवनेश्वरी शुक्ला, दीप्ति वर्मा, तनुश्री देशपांडे, स्मिता दास, रामनारायण साहू, संतोष यादव, शाला विकास समिति के अध्यक्ष पोखन लाल ढीढी, ओसराम ढीढी तथा समस्त सदस्य, प्रियंका लवेश ढीढी जनपद पंचायत महासमुंद, सरपंच ग्राम पंचायत भोरिंग लीला लोकेश्वर साहू, उपसरपंच भेख राम साहू, वेद प्रकाश साहू पंच, हितेंद्र ढीढी, कुनाल चंद्राकर, डोलेश होता, कामता प्रसाद साहू, आनंद टंडन, तेथिस चेलक, सतीश साहू, सावित्री साहू, गायत्री तरुण साहू, जगदीश धीवर, जिला रग्बी संघ के खिलाड़ियों ने हर्ष जताया है।



